ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 14-11-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-11-14 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-11-15	2024-11-16	2024-11-17	2024-11-18	2024-11-19
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	33.0	33.0	32.0	31.0
न्यूनतम तापमान(से.)	18.0	18.0	18.0	18.0	17.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	28	28	29	25	24
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	15	16	17	14	13
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6	9	14	10	8
पवन दिशा (डिग्री)	229	320	29	55	81
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना। अधिकतम तापमान 31.0 से 34.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 17.0 से 18.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 6-14 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

आने वाले दिनों में तापमान में कमी की संभावना को देखते हुए किसानों को सलाह दी जाती है कि गेहूं, जौ, जीरा, ईसबगोल, मैथी आदि फसलों की बुआई के लिए खेत तैयार करें।

लघु संदेश सलाहकार:

बीज को बुवाई से पूर्व कवकनाशी, कीटनाशी व जैव उर्वरको से उपचारित करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति सरसों की फसल की बुआई के अनुकूल है, इसलिए जल्द से जल्द बुआई पूरी करें। डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 30, पुसा सरसों 27 एंव वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरे की फसल की बुवाई के लिए हैरो से दो तीन बार जुताई कर पाटा लगाकर खेत को तैयार करें व उन्नत बीज, खाद की व्यवस्था करें। बीज को बुवाई से पूर्व कवकनाशी, कीटनाशी व जैव उर्वरको से उपचारित करें।
जीरा	जीरे की बुवाई के लिए आर.जेड-19, आर.जेड-209, जी.सी-4 व आर.जेड-223 उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 12-15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। बुवाई से पूर्व बीज को 2 ग्राम कार्बेण्डेजिम या 4 ग्राम टाईकोडरमा विरिडी से प्रति किलो बीज को उपचारित करें। बुवाई के तुरन्त बाद एक हल्की सिंचाई करें तथा दूसरी सिंचाई 6-7 दिन पशचात करें।
	ईसबगोल की जी.आई-2, आर.आई-1 एंव आर.आई-89 उन्नत किस्मों की बुवाई करे। बुवाई हेतु 4-5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए प्रयाप्त है। 15 किलो नत्रजन व 25 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर बुवाई के समय दें।
मेंथी	मैथी की फसल के लिए अजमेर मेथी-3, RMT-I एंव RMT-305 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 20-25 किलो बीज की प्रति हैक्टेयर के लिए आवश्यकता होती है। 40 किलो नत्रजन व 40 फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई से पूर्व खेत मे दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम जैसे ठंड के कारण पशुओं को शेड और साफ-सुथरी जगह पर रखना चाहिए। घरेलू मक्खियों और अन्य के संक्रमण से बचने के लिए शेड के आसपास के क्षेत्र को साफ करें।